सार-समाचार

बालोतरा में 15 अगस्त की अंतिम रिहर्सल 13 को खेल स्टेडियम में होगी

बालोतरा, (निसं) । 8०वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिला प्रशासन की ओर से समारोह की व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न स्तरों पर तैयारियों के साथ ही परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है। बुधवार को जिला कलक्टर कार्यालय परिसर में पुलिस बटालियन एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने परेड का पूर्वाभ्यास किया। पूर्वाभ्यास के दौरान पुलिस बैंड की देशभक्ति से ओतप्रोत धुनों के बीच जवानों एवं विद्यार्थियों ने कदम से कदम मिलाकर परेड का अभ्यास किया। प्रतिभागियों ने निर्धारित अनुशासन एवं तालमेल के साथ परेड की विभिन्न गतिविधियों का अभ्यास किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान प्रस्तुत होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए अंतिम रिहर्सल गुरुवार, 13 अगस्त शाम 5 बजे महात्मा ज्योतिबा फुले खेल स्टेडियम में आयोजित होगी। इसमें परेड, मार्च पास्ट सहित समारोह से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार पूर्वाभ्यास किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान स्वतंत्रता दिवस समारोह से पूर्व आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। वे स्टेडियम में मंच, परेड ग्राउंड, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। मुख्य समारोह कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की भागीदारी के साथ देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

गौशाला में 25 क्विंटल चारा भेंट किया

जालोर, (कासं)। भारत विकास परिषद जालोर द्वारा मूक प्राणियों की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत सोमवार को गऊ रक्षा सेवा संस्थान गोल निंबडी गौशाला में उपस्थित करीब 1175 गौ वंश के हरा चारा श्रद्धा पूर्वक खिलाया जाकर गौ सेवा, का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस गौशाला में कई अशक्त , एवं बीमार गौ वंश भी मौजूद है , जिन्हें सेवा की निरंतर एवं सख्त आवश्यकता रहती हैं। सेवा संयोजक कमल किशोर भूतडा ने कहा कि गौ सेवा प्राणी मात्र की विशिष्ट सेवा है,भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म में गौ सेवा को सर्वोपरि कर्तव्य और परम धर्म माना गया है।गौ सेवा का आध्यात्मिक, पर्यावरण, व स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बहुत ज्यादा महत्व है। कोषाध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी ने बताया कि वर्तमान भारत विकास परिषद द्वारा भामाशाहों के सहयोग से गौ सेवा के पुनीत कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। गौशाला प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी अनुसार सडकों पर दुर्घटना ग्रस्त और बीमार होने वाली बेसहारा गायों को यहां लाकर, उनकी चिकित्सा, व देखभाल, कर, चारा खिलाकर मूक प्राणियों की सेवा की जा रही है। परिषद सदस्य ई . भवानी शंकर गौड ने अवगत कराया कि गौ माता की सेवा हमारा कर्तव्य है कि हम उनके पोषण एवं संरक्षण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी,परिषद अध्यक्ष राजेंद्र भूतडा,सचिव शांतिलाल सोनी, कोषाध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी, शाखा संयोजक सेवा कमल किशोर भूतडा,शाखा संयोजक संस्कार महेंद्र आनंद वैष्णव, शाखा संपर्क संयोजक संतोष कुमार दवे,मिश्रीमल गर्ग ,ई.भवानी शंकर गौड,अशोक जडिया, भेरुलाल सोनी, प्रेमसिंह राठौड, श्यामा भूतडा, कलावती देवी,गुड्डी गौर, मुकेश मनिहार, शक्ति गौर,सहित अनेकों गौ भक्त मौजूद रहे।

सायला में भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली

सायला, (निसं) ।स्वाधीनता दिवस की 8०वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ ान पर आयोजित हर घर तिरंगा अभियान 2026 के तहत भाजपा मंडल सायला एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का लेकर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी मोटरसाइकिलों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सजाकर ओटवाला रोड स्थित बालाजी मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए। जहां भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी जयघोष के साथ यात्रा को रवाना किया गया। मार्ग में जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर तिरंगा यात्रा का आत्मीय व भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान राष्ट ध्वज थामे युवा व आमजन देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आए। तिरंगा यात्रा अम्बे माता मंदिर, पुराना बस स्टैंड तथा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए लहर भारती कुटिया पहुंची। जहां उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट गीत वंदे मातरम का गायन किया तथा देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों व वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, विधानसभा संयोजक (तिरंगा यात्रा) दशरथसिंह भाटी, मंडल संयोजक मांगीलाल राजपुरोहित, सहसंयोजक देवेश अग्रवाल, महामंत्री राजेंद्र माहेश्वरी, उपाध्यक्ष रूपकिशोर अग्रवाल, मुकुंद दवे, अशोक वैष्णव, रमेश आचार्य, सुरेंद्रसिंह रावणा, कस्तूराराम चौधरी, भाजयुमो उपाध्यक्ष विजय आचार्य, महामंत्री प्रशांत रावल, जगदीश राजपुरोहित, कैलाश लखारा, करण प्रजापत, बाबूलाल बागरी एवं रामलाल वीरा सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

आईटीबीपी के जवानों ने निकाली रैली

जोधपुर, (कासं)। 42 वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, पालड़ी खिचिंयान द्वारा देश की 80वीं स्वतंत्रता दिवस वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत कमांडेंट मनीष भाटिया के दिशा-निर्देशन में तिरंगा रैली एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगीत एवं तिरंगा रैली से किया गया। जवानों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर एवं वाहनों पर तिरंगा फहराकर देशभक्ति के नारों के साथ रैली निकाली। तिरंगा रैली का उद्देश्य आमजन में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को जागृत करना था। वाहिनी पदाधिकारियों द्वारा वाहिनी कैम्प परिसर के नजदीक स्थित महात्मा गांधी राजकीय प्राथमिक विद्यालय दईजर, राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय, पालड़ी खिचिंयान में पहुंचकर शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आमजन के साथ मिलकर सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का वादन किया गया। तत्पश्चात हिमवीर पदाधिकारियों, अध्यापकों एवं बच्चों द्वारा मिलकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आने वाली पीढियों को स्वच्छ और हरित भविष्य देने का संकल्प लिया। साथ ही आमजनता से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर गर्व एवं सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराने की अपील भी की गई। कार्यक्रम का समापन मण्डलेश्वर महादेव मंदिर में तिरंगा फहराकर किया गया।

जौहरी लाल जैन की पुण्यतिथि मनाई

पाली, (नि.सं.)। जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राजीव गांधी स्मृति भवन के पूर्व संयोजक जौहरी लाल जैन की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने जौहरी लाल जैन के पार्टी के प्रति समर्पण, संगठनात्मक योगदान एवं सामाजिक सरोकारों को स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व और कार्यों को प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य महावीर सिंह सुकरलाई, संगठन महासचिव जोगाराम सोलंकी, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हकीम भाई, कांग्रेस नेता मोहन हटेला, मांगीलाल सोलंकी, फारुख रँगीला, अनिल सिंह निम्बाडा, अनवर बा, सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

गिरधर धोरा क्षेत्र में ड्रग फैक्ट्री का भंड़ाफोड़, एक जना पकड़ा

जालोर,(का.सं.)। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बुधवार को जालोर जिले के गिरधर धोरा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक निर्माणाधीन मकान में संचालित अवैध ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तैयार ड्रग, निर्माण में प्रयुक्त उपकरण एवं अन्य सामग्री जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एएनटीएफ के अनुसार टीम को लगातार निगरानी और सूचना संकलन के दौरान गिरधर धोरों क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में अवैध ड्रग निर्माण की सूचना मिली थी। सूचना पर स्थानीय पुलिस को साथ लेकर टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान निर्माणाधीन मकान के अलग-अलग हिस्सों तथा आसपास के खेत में छिपाकर रखी गई सामग्री बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक खेत की मेड के पास जमीन खोदकर भी ड्रग निर्माण से संबंधित उपकरण छिपाए गए थे। मकान से इलेक्ट्रिक उपकरण, मशीनरी, कंटेनर सहित अन्य सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने एक पिकअप वाहन की भी तलाशी ली, जिसमें अवैध ड्रग से संबंधित सामग्री बरामद होने की बात सामने आई। इसके अलावा ड्रम और अन्य कंटेनरों से भी सामग्री जब्त की गई।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी मोहनलाल पुत्र मोहनलाल, जाति विश्नोई (जाणी), उम्र 36 वर्ष, निवासी जाणी की ढाणी, गिरधर धोरा, चितलवाना, जिला जालोर है। पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि उसने आठवीं तक पढाई करने के बाद मजदूरी शुरू की थी। बाद में मेवाड क्षेत्र से जुडे लोगों के संपर्क में आने के बाद वह नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड गया। पुलिस के अनुसार कुछ समय बाद उसने स्वयं भी अवैध ड्रग निर्माण का काम शुरू कर दिया। एएनटीएफ के अनुसार आरोपी वर्ष 2019 में अपने एक साथी के साथ डोडा-पोस्त लेकर जाते समय पुलिस कार्रवाई में पकडा गया था। जेल से बाहर आने के बाद भी उसके कथित तौर पर नशीले पदार्थों के कारोबार से जुडे रहने की जानकारी सामने आई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के भाई ने भी कथित रूप से अवैध गतिविधियों में सहयोग किया और बाद में दोनों ने मिलकर ड्रग निर्माण की योजना तैयार की।

- कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तैयार ड्रग निर्माण में प्रयुक्त उपकरण एवं अन्य सामग्री जब्त की
- जालोर जिले के गिरधर धोरा क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में संचालित अवैध ड्रग फैक्ट्री पर कार्रवाई हुई

कार्रवाई के दौरान 5.18 ग्राम अवैध ड्रग बरामद होने की जानकारी दी गई है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक कांटा, इलेक्ट्रिक चूल्हा, कंटेनर, मशीनरी, फ्रिज सहित विभिन्न उपकरण और अन्य सामग्री जब्त की गई। पुलिस के अनुसार जब्त सामग्री में चार ड्रम तथा एक प्लास्टिक बोतल भी शामिल है, जिनमें केमिकल होने की बात सामने आई। जब्त सामान का कुल वजन 76.71 किलोग्राम बताया गया है। इसके अलावा पिकअप वाहन भी जब्त किया गया। एएनटीएफ के अनुसार कार्रवाई के दौरान तैयार ड्रग के साथ उसके निर्माण में प्रयुक्त उपकरण एवं सामग्री भी जब्त की गई और ड्रग निर्माण की पूरी प्रक्रिया को नष्ट/बंद कराया गया।

अधिकारियों के मुताबिक नशे के सौदागरों के खिलाफ एएनटीएफ की कार्रवाई लगातार जारी है।

,टीमों द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी और सूचना संकलन के बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से यह संयुक्त कार्रवाई की गई।

महानिरीक्षक पुलिस एएनटीएफ राजस्थान, जयपुर ने कार्रवाई में शामिल टीमों की भूमिका की सराहना करते हुए बताया कि विशेष अभियान के दौरान बेहतर कार्य करने वाली टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

सक्रिय रहकर कार्य कर रही महिलाओं को मिलेगा चुनाव में मौका : राखी

जोधपुर, (कासं)। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि निकाय और पंचायत चुनावों में हम सिर्फ 33 प्रतिशत पर नहीं रहेंगे। ऐसी सीट जो महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं है लेकिन अगर वहां कोई महिला लंबे समय से ग्राउंड पर सक्रिय रहकर काम कर रही है तो उसे भी मौका मिलेगा। बुधवार को जोधपुर दौरे के दौरान सर्किट हाउस में राखी राठौड़ ने मीडिया से बातचीत के दौरान लोहावट के भंवरी देवी हत्याकांड और महिला अपराधों को लेकर सवाल पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि 2023 से पहले विधानसभा में राजस्थान को मर्दों का प्रदेश कहा गया, दुष्कर्म में नंबर वन था, लेकिन भाजपा सरकार ने मर्दों के प्रदेश से शिफ्ट होकर महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि भंवरी देवी हत्याकांड को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और अगले कुछ दिनों में पुलिस अपराधियों को भी पकड़ेगी।

कांग्रेस सरकार ने बंद की थी योजनाएं

राठौड़ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह वो सरकार नहीं जो केवल होटलों में जाए और अपनी सरकार बचाए। उन्होंने आरोप लगाया कि 2018 से पहले जितनी भी योजना चल रही थी कांग्रेस सरकार ने उन्हें बंद कर दिया। हमने आने के बाद किसी भी योजना को बंद नहीं किया है। पंचायत और निकाय चुनाव में भी हम प्रचंड जीत हासिल करेंगे।

राजस्थान में पहली बार ऐसा हुआ कि डेढ़ लाख भर्तियों का कैलेंडर और रोजगार भी मिला।

पचपदरा रिफाइनरी और राइजिंग राजस्थान से भी रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को सरकारी नौकरियां देने का काम सीएम भजनलाल शर्मा कर रहे हैं। युवा शक्ति हमारे साथ है। क्योंकि उन्हें पता है कि हम वो लोग नहीं है जो पेपरलीक होने पर कहें जेल भेजो।

भाजपा मंडल जालोर की बैठक में एक भी महिला मंच पर नहीं दिखी

जालोर, (कांस)। जालोर में भाजपा नगर मंडल की बैठक मलकेश्वर मठ गुरुकुल में हुई। जिसमें भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी को मंच पर भी स्थान नही मिला। वही मंच पर एक भी महिला को स्थान नही मिलना चर्चा का विषय बना रहा।

जालोर में निकाय चुनाव को लेकर भाजपा नगर की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी मोर्चा के जिलाध्यक्ष को मंच पर स्थान मिला, लेकिन भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी को मंच पर स्थान नही मिला तथा वे चौथी पंक्ति में बैठी नजर आई । भाजपा जिलाध्यक्ष की अनदेखी की चलते महिलाओं को मंच पर स्थान नही मिलना चर्चा का विषय बना रहा। भाजपा की निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की अनदेखी आगामी चुनाव में मुश्किले खडी कर सकती है।

- भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी को मंच पर स्थान नही मिला, एक भी महिला को स्थान नही मिलना चर्चा का विषय बना

इससे पहले सांचोर में भी भाजपा की वरिष्ठ नेत्री हरियादेवी देवासी को कुर्सी नही मिलने पर हंगामा खडा किया था। वही सांचोर निकाय चुनाव प्रभारी मुकेश खण्डेलवाल का विरोध होने के बाद भी उन्हे प्रभारी का प्रभार दिया हुआ। ऐसे मे जालोर में विधायक जोगेश्वर गर्ग, जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित की उपस्थिति में बैठक में महिला को मंच पर स्थान नही देना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारी सशाक्तिकरण का नारा खोखला साबित होता नजर आ रहा है। जहां एक तरफ भाजपा महिलाओं को बराबर आरक्षण की बात करती है वही दूसरी तरफ भाजपा की बैठको में महिलाओं का अपमान किया जा रहा है। ऐसे में निकाय चुनाव से पहले भाजपा में अंदुरुनी गुटबाजी नजर आने लगी है।भाजपा जिलाध्यक्ष जिले में पार्टी को संगठित करने में पूर्णत विफल साबित होते नजर आ रहे है। जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित की भाई भतीजा वाद करने का कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार आरोप लगाया जा रहा है। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोलकी को मंच पर स्थान किसके इशारे पर नही दिया यह शोचनीय विषय हैं। ऐसा चर्चाओं का बाजार गर्म है कि विधायक व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अध्यक्ष को दरकिनारे करने में लगे हुए है।

रोटरी क्लब जालोर ने छाते व शिक्षण सामग्री दी

जालोर, (कासं)। बारिश के मौसम को देखते हुए रोटरी क्लब जालोर की ओर से एक सराहनीय और सामाजिक सरोकार से जुडी पहल के तहत शहर में भगत सिंह स्टेडियम के पास स्थित शांतिनाथ गुरुकुल घुमन्तु छात्रावास में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 22 बालकों को रंग-बिरंगे छाते एवं आवश्यक शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए बिस्किट एवं ताजे केले भी बाँटें। छाते और उपहार पाकर छात्रावास के बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ रोटेरियन कानाराम परमार ने अपनी ओजस्वी शैली में किया। कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब के सचिव हितेश प्रजापत ने पधारे हुए सभी अतिथियों, सदस्यों और छात्रावास परिवार का धन्यवाद व्यक्त किया। अध्यक्ष रमेशकुमार जैन (तीखी), सचिव हितेश प्रजापत, श्रीमती शीला चौधरी,उदाराम सुथार, प्रकाश मोदी उपस्थित रहे।

सांथू में 365 घड़ों के पानी से महादेव का जलाभिषेक किया

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के सांथू गांव में बुधवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ आपेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया गया। धार्मिक आयोजन के दौरान 365 घड़ों के पवित्र जल से भगवान आपेश्वर महादेव की प्रतिमा का अभिषेक किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

सुमेरसिंह सांथू ने बताया कि जलाभिषेक कार्यक्रम सुबह करीब 8.30 बजे ढोल-नगाडों के साथ शुरू हुआ। बडी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु कतार बद्ध खडे होकर एक-दूसरे के हाथों में जल से भरे कलश पहुंचाते हुए भगवान आपेश्वर महादेव की प्रतिमा तक जल पहुंचा रहे थे। इस दौरान श्रद्धालु लगातार हर-हर महादेव और आपेश्वर महादेव के जयकारे लगाते रहे। मंदिर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में पुरुषों के साथ बडी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। भगवान आपेश्वर महादेव के 365 घड़ों से जलाभिषेक के बाद मंदिर परिसर की विधिवत सफाई की गई। पूरे मंदिर परिसर को शुद्ध जल से धोकर स्वच्छ किया गया। इसके पश्चात भगवान आपेश्वर महादेव की प्रतिमा को आकर्षक रूप से सुसज्जित किया गया। प्रतिमा को सजाने के बाद विधिवत आरती की गई। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाए और सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। हर वर्ष आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर सांथू के ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी।

भंवरीदेवी हत्या मामले में पुलिस के हाथ खाली

जोधपुर, (कासं)। लोहावट थानातंर्गत जंभेश्वरनगर गांव में घर के बाहर सो रही महिला भंवरी देवी की धारदार हथियार से हत्या और उसकी दो बेटियों पर जानलेवा हमले के मामले में 16 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। इस मामले की जांच के लिए पुलिस मुख्यालय ने एक विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं।

आदेशानुसार आरपीटीसी जोधपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक देवेन्द्र विश्नोई एसआईटी के प्रभारी होंगे। इसके साथ ही इस दल में पुलिस अधीक्षक फलोदी सतनाम सिंह, साइबर अपराध पुलिस मुख्यालय जयपुर के पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा, विशेष अनुसंधान इकाई महिला अत्याचार जालोर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश विश्नोई, सीआईडी (सीबी) रेंज सैल जोधपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष खोजा और साइबर थाना जोधपुर ग्रामीण के पुलिस उप अधीक्षक भवानी सिंह को भी लिया गया है। यह टीम पुलिस उप महानिरीक्षक देवेन्द्र विश्नोई के पर्यवेक्षण में कार्य करेगी तथा अनुसंधान की प्रगति से समय-समय पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अपराध शाखा, राजस्थान को अवगत करवाएगी।

- अब छह सदस्यीय एसआईटी तीन दिन में पहली जांच रिपोर्ट सौंपेंगी

एसआईटी प्रभारी उपरोक्त के अतिरिक्त जोधपुर रेंज के महानिरीक्षक की अनुमति से अन्य अधिकारियों को भी सह नियोजित कर सकेगें। उक्त टीम प्रकरण के अनुसंधान की प्रथम प्रगति रिपोर्ट तीन दिन में पेश करेगी। मामले के अनुसार नकाबपोश हमलावर ने 27 जुलाई की रात भंवरी देवी विश्नोई पर हमला कर उसकी हत्या कर दी थी।

कलश वंदन यात्रा सायला पहुंची

सायला, (निसं) । संत रविदास की जयंती पर आयोजित कलश वंदन यात्रा का बुधवार को सायला पहुंचने पर नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद शोभायात्रा के रूप में कलश वंदन यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई रामदेव मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। यात्रा के लोकसभा क्षेत्र प्रभारी दानाराम चौधरी ने संत रविदास महाराज के जीवन मूल्यों एवं सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।। इस दौरान गजेंद्रसिंह सिसोदिया, बाबूलाल मेघवाल, उदयसिंह दादाल, रामप्रकाश चौधरी, नैनमल लखारा, राजेन्द्र माहेश्वरी, विक्रमसिंह दहिया, रूपकिशोर अग्रवाल, दशरथ सिंह भाटी, मोहन वीरा, पारसाराम राणा, सुरेंद्रसिंह रावणा, प्रशांत रावल एवं तलसाराम जीनगर सहित नगरवासी उपस्थित थे।

गर्ग ने जालोर के विकास के लिए कुछ नहीं किया : कुम्पावत

जालोर , (कासं)। भाजपा नगर मंडल की बैठक के दौरान जालोर विधायक एवं मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की कांग्रेस को लेकर की गई टिप्पणियों का वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस ने बुधवार को पलटवार किया। जालोर शहर के राजीव गांधी भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने विधायक जोगेश्वर गर्ग की भाषा पर सवाल उठाते हुए उनसे सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण देने तथा जालोर के विकास के मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती दी।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने कहा कि जोगेश्वर गर्ग वरिष्ठ नेता हैं और उनसे इस प्रकार की भाषा की अपेक्षा नहीं की जाती। यदि वरिष्ठ नेता ही अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करेंगे तो कार्यकर्ताओं एवं युवा पीढी को क्या संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक गर्ग को अपने बयान पर खेद व्यक्त करना चाहिए। कुम्पावत ने कहा कि कांग्रेस विधायक को चुनौती देती है कि जालोर के विकास के लिए पिछले ढाई वर्षों में किए गए कार्यों का जनता के सामने हिसाब प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि यदि विधायक गर्ग जालोर के विकास के मुद्दे पर सार्वजनिक मंच पर खुली बहस करना चाहते हैं तो कांग्रेस इसके लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड, पंचायत समिति में भाजपा का नेतृत्व, जिला प्रमुख भाजपा का तथा विधायक एवं सांसद भी भाजपा के हैं।

- जालोर विधायक एवं मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की कांग्रेस को लेकर की गई टिप्पणियों का वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस ने पलटवार किया

सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीयात
(ऑर्डर नियम 1 व 5 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत श्रीमान सहायक कलेक्टर महोदय-जालोर
इजलास.....
मुद्दई - जगरूपसिंह बनाम उकाराम वगैरा
दावा बाबत् विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा
मुकदमा संख्या-राजस्व वाद संख्या-20260212420000 9/2026
मुस्म्मी 1. उकाराम पुत्र प्रतापा, 2. कालुराम पुत्र नारणा 3. वेलाराम पुत्र नारणा 4. विमनाराम पुत्र प्रतापा 5. जमनीदेवी पत्नी प्रतापा 6. जीवाराम पुत्र जवाराराम 7. ढगलाराम पुत्र गिरधारी 8. तीकमाराम पुत्र चुनाराम 9. दुर्गाराम पुत्र गिरधारी 10. दरियादेवी पुत्री जवाराराम 11. धाकुडी पत्नी तुलछाराम 12. प्रेमाराम पुत्र गिरधारी 13. पुराराम पुत्र गिरधारी 14. भेराराम पुत्र हरजी 15. मु. चम्पा पत्नी बालु 16. मु.मसरी पत्नी नारणा 17. मुकेश पुत्र हरजी 18. मगनीदेवी पत्नी नारना 19. मुलाराम पुत्र हरजी 20. मांगीलाल पुत्र जवाराराम 21. वजा पुत्र चना 22. शिवाराम पुत्र नरीया 23. सुखाराम पुत्र नरीया तमाम जातिगण- गुर्जर 24. सायलीदेवी पत्नी वेलाराम जाति माली 25. हंसाराम पुत्र नरीया जाति गुर्जर 26. तीकमाराम पुत्र चुमीलाल 27. नैनाराम पुत्र वेलाराम 28. भरतकुमार पुत्र वेलाराम 29. मदनलाल पुत्र वेलाराम 30. राजेन्द्र कुमार पुत्र वेलाराम 31. हंजारीमल पुत्र चुनाराम सर्वजातियान माली तमाम निवासीगण जालोर 32. पारसकंवर पत्नी छैलसिंह जाति राजपुत निवासी मिठडी जिला जालोर हरगाह कि वादी ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत् विभाजन एंव स्थायी निषेधाज्ञा का दायर किया है लिहाजा आपको ब-जरिये इस तहरीर के दावे की जवाब देही के लिये तारीख 24 सन् - 2026 को दिन के 11:00 एम बजे अदालत हाजा मे असालतन या मारफत ऐसे वकील के जो हालत मुकदमे के वाकिफ किया गया हो व कुल अभूर अदम मुताबिक जवाब दे सके, या जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर रहने के लिये तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमला दस्तावेजात जिस पर आप अपनी जवाबदेही का साईद में इस्तेमाल करना चाहता हो तो उस दिन पेश करो। आगाह रहो कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपकी गैर हाजरी मे सुना व फैसला किया जायेगा । बसिब्त मेरे दस्तखत व अदालत के आज तारीख 11 माह 08 सन् 2026 को जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर, सहायक कलेक्टर
(एस.डी.ओ.) जालोर